वेस्ट

# **Westmead से लेकर The Bays और Sydney CBD**

## पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य

2020




कलाकार द्वारा बनाई Parramatta मेट्रो स्टेशन की आवृत्ति

### अपने मत प्रकट करें

Sydney Metro ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जन परिवहन परियोजना है और यह सदी में एक बार किए जाने वाला बुनियादी निवेश है, जो सिडनी को विश्व-स्तरीय मेट्रो में तबदील करेगा।

Sydney Metro West सिडनी का अगला भूमिगत रेलवे होगा और इससे लगभग 10,000 प्रत्यक्ष और 70,000 अप्रत्यक्ष नौकरियों का निर्माण होने की उम्मीद की जाती है। Westmead, Parramatta, Sydney Olympic Park, North Strathfield, Burwood North, Five Dock और The Bays पर स्टेशन बनाए जाने की पुष्टि की गई है।

Sydney Metro ने Westmead से लेकर Sydney CBD तक के Sydney Metro West की परियोजना के सिद्धांत के लिए पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य और Westmead व The Bays के बीच स्टेशन की खुदाई व सुरंग बनाने के स्टेज 1 के कार्य, इसमें इन दो क्षेत्रों के बीच प्रस्तावित परियोजना कॉरिडोर शामिल है, को Department of Planning, Industry and Environment को आकलन के लिए जमा कराया है। यह नियोजन दस्तावेज़ अब सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है।

सदी में एक बार होने वाली इस बुनियादी परियोजना के बारे में अपने मत प्रकट करने का समय अब है। यह परियोजना Parramatta और Sydney CBD के बीच रेल क्षमता को दुगना करेगी।

Westmead से लेकर The Bays और Sydney CBD का पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य, जिसमें Westmead और The Bays क बीच प्रस्तावित परियोजना कॉरिडोर शामिल है, **26 जन 2020** तक प्रदर्शनी क लिए उपलब्ध ह।

**यात्रा में लगने वाले समय को कम करना**
Sydney Metro West का Parramatta और Sydney CBD के बीच यात्रा में लगने वाले समय के करीब **20 मिनट** के होने का लक्ष्य है।

- Parramatta, Sydney Olympic Park और The Bays जैसे मुख्य रोज़गार तथा शिक्षा केन्द्रों तक अधिक तेज़, और अधिक बार-बार तक की पहुँच।
- Westmead पर एक नया मेट्रो स्टेशन – ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य एवं शिक्षा परिसर में से एक।
- Burwood North, Five Dock और The Bays पर पहली बार नई रेल सेवाएँ प्रदान करते हुए।
- सिडनी के खेलकूद और मनोरंजनात्मक सुपर-परिसर Sydney Olympic Park में एक नया मेट्रो स्टेशन।
- सिडनी की शेष जन परिवहन प्रणाली के साथ एकीकृत।
- स्टेशन, ट्रेनों और रेलवे ट्रैक जैसी Sydney Metro की सभी मूलभूत-सुविधाएँ NSW सरकार के स्वामित्व में आती हैं।

# **Sydney Metro** ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जन परिवहन परियोजना है

## तेज़, सुरक्षित और विश्वसनीय मेट्रो ट्रेनों की एक नई पीढ़ी।

- ऑस्ट्रेलिया का सबसे पहला पूरी तरह से सुलभ रेलवे: प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच लेवल ऐक्सेस (समतल पहुँच)।
- सभी मेट्रो ट्रेनों में हीटिंग और एयर-कंडीशनिंग।
- नई ड्राइवर-रहित टैकनोलोजी, इसमें प्लेटफॉर्म स्क्रीन सुरक्षा दरवाजे शामिल हैं जो लोगों और प्रैम जैसी वस्तुओं को ट्रैक से दूर रखते हैं।
- हर समय, विशेषज्ञ ट्रेन नियंत्रकों की एक टीम Sydney Metro पर नज़र रखेगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि सब संचालन सही ढंग से होता है।
- ट्रेनों के अंदर व्हीलचेयर स्थान, अलग-अलग प्राथमिकता वाली सीटें और एमर्जेंसी इंटरकॉम।
- पूरे मेट्रो नेटवर्क में निरंतर मोबाइल फोन कवरेज़।



26 मई 2019 को Tallawong स्टेशन पर Metro North West Line का शुभारम्भ होते हुए।

**Sydney Metro** ऑस्ट्र्लिया की सबसे पहले सुलभ रलवे ह।

हरक Sydney Metro ट्र्न, स्टशन और इटरचेंज़ पूरी तरह से सुलभ ह – ड्र्ाप-ऑफ प्वाइट से लेकर, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म और ट्र्नों तक।
व्हीलचेयर और प्रैम उपभोक्ता किसी भी दरवाज़े से मेट्र्ो ट्र्न तक पहुच सकत ह, और ट्र्न में आने क बाद, वे पूरी ट्र्न में इधर-उधर आ-जा सकत ह।

Sydney Metro की शुरुआत मई 2019 में Sydney क उत्तर-पश्चिम में हुई थी।

मेट्र्ो सेवाएँ पहले से ही शहर क उत्तर पश्चिम म Rouse Hill और Chatswood क बीच लोगों को कनेक्ट कर रही ह, और 2024 में मेट्र्ो CBD में और दक्षिण पश्चिम में Bankstown तक फल जाएगी।

## **Sydney Metro West** के लिए पर्यावरणीय आकलन प्रक्रिया

Sydney Metro West के लिए पर्यावरणीय आकलन प्रक्रिया को परियोजना के आकार की पहचान करने में अभिनीत किया जाएगा। स्टेशन की खुदाई और Westmead व The Bays के बीच सुरंग बनाने का काम स्टेज 1 के भाग के तौर पर किया जाएगा। भविष्य में किए जाने वाले सभी काम स्टेज 2 और स्टेज 3 के आवेदन के अधीन होंगे। परियोजना के हरेक स्टेज (चरण) पर समुदाय और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकेगा और अपने मत प्रकट कर सकेगा।

### पर्यावरणीय आकलन की अवस्था

| हम यहाँ हैं | | भविष्य के आवेदन | |
|---|---|---|---|
| सिद्धांत | स्टज 1 | स्टज 2 | स्टज 3 |
| The Sydney Metro West परियोजना का सिद्धांत | स्टेशन की खुदाई और सुरंग बनाने का काम – Westmead से लेकर The Bays तक | भविष्य के कार्य Westmead से लेकर The Bays तक | भविष्य के कार्य The Bays से लेकर Sydney CBD तक |

# स्टेज 1- Westmead से लेकर The Bays तक


## स्टेशन की खुदाई

Sydney Metro West के स्टेशन कट-एंड - कवर या बाइनाकुलर होंगे।


कट-एंड-कवर स्टेशन में ज़मीन में आयताकार छिद्र किया जाना शामिल होता है, जिसपर भूमिगत स्टेशन का प्रतिष्ठान किया जाएगा। Westmead, Parramatta, Sydney Olympic Park, North Strathfield, Burwood North और The Bays कट-एंड-कवर स्टेशन होंगे।

बाइनाकुलर स्टेशन में ज़मीनी स्तर से स्टेशन की गहराई तक एक छोटा शॉफ्ट खोदा जाना और फिर दो भूमिगत स्टेशन गुफाओं की खुदाई किए जाना शामिल होता है। Five Dock बाइनाकुलर स्टेशन होगा।

हरेक स्टेशन की खुदाई-कार्य का चयन स्थल की विशिष्ट स्थितियों के आधार पर किया गया है, इसमें यह शामिल है कि सुरंगों का कहाँ जाना नियोजित है, मौजूदा इमारत भू-गृह और अन्य भूमिगत संरचनाएँ।




कट-एंड-कवर




बाइनाकुलर

## सुरंग बनाने का कार्य

चार टनल बोरिंग मशीनें (TBMs) Westmead से लेकर The Bays तक 20 किलोमीटर से अधिक की दोहरी सुरंगें बनाएँगी। दो TBMs की शुरुआत Westmead मेट्रो स्टेशन स्थल से और दो की शुरुआत The Bays Station स्थल से की जाएगी। सभी TBMs को Sydney Olympic Park मेट्रो स्टेशन के स्थल से पुन:प्राप्त किया जाएगा। सुरंगें औसतन 38 मीटर या 13 मंजिल गहरी होंगी।



TBM Wendy सिडनी मेट्रो सिटी (Sydney Metro City) और Southwest Project पर Blues Point से निकलती हुई


## परियोजना कॉरिडोर और सुरंग का संरेखण

जैसे कि सतह पर कोई रेलवे लाइन मार्ग के साथ-साथ चलती है, ठीक वैसे ही Westmead से लेकर The Bays तक सुरंगें भूमिगत रेल संरेखण में से संचालन करेंगी।

प्रस्तावित भूमिगत सुरंग संरेखण और भूमिगत कॉरिडोर की पहचान Sydney Metro West की सुरंगों को एक ऐसे तरीके से बनाने हेतु की गई है जिससे पर्यावरण और मौजूदा मूलभूत-सुविधाओं और इमारतों पर कम से कम प्रभाव पड़े।

Westmead और The Bays के बीच प्रस्तावित सुरंग संरेखण का आकलन स्टेज 1 पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य के तौर पर किया गया है। सुरंग संरेखण की पुष्टि इस आकलन के बाद तथा अधिक डिज़ाइन कार्य किए जाने के बाद की जाएगी।

Sydney Metro प्रस्तावित सुरंग संरेखण से करीब 25 मीटर के सुरंग कॉरिडोर की सुरक्षा करने के लिए राज्य की पर्यावरणीय नियोजन नीति (मूलभूत-सुविधा) में संशोधन कराने का भी प्रयास कर रहा है ताकि सुरंगों को दीर्घावधि की सुरक्षा प्रदान की जा सके।



## सिटी को आकार देने वाली परियोजना

Sydney Metro West रेलवे स्टेशन ही नहीं, और भी परियोजनाएँ प्रदान करेगा। डिज़ाइन और डिलीवरी में उत्कृष्टता के द्वारा, नए स्थान:

- समुदाय की ज़रुरतों पर प्रतिक्रिया करेंगे
- वास्तुशिल्पीय दृष्टि से विशिष्ट होंगे और वहाँ आना-जाना आसान होगा
- सहज और सुरक्षित होंगे, तथा लोगों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का प्रसार करेंगे।

शहरी डिज़ाइन सिद्धांतों और प्लेसमैकिंग (गुणवत्तापूर्ण स्थानों का निर्माण करने) के द्वारा, Sydney Metro West के परिसर समुदाय के केन्द्रीय भाग बन जाएँगे और विभिन्न उपयोग प्रदान करेंगे।

Sydney Metro समुदायों के साथ करीबी से संपर्क करेगी कि स्टेशनों को सबसे अच्छे तरीके से एकीकृत कैसे करना है ताकि वे संपन्न, रमणीय परिसर बनें जहाँ हर कोई आनन्द ले सके और लोगों के रहने, काम करने, दुकानों और खेलकूद के लिए नए स्थान हों – और निर्माण किए गए ऐसे सार्वजनिक स्थान हों जहाँ सैर करने, साइकल चलाने और सामाजिक मेल-मिलाप को बढ़ावा दिया जाता है। स्टेशन अपने आप में जीवंत स्थान और ऐतिहासिक स्थल होंगे, जिनका निर्माण हर क्षेत्र के स्थानीय चरित्र के आधार पर किया जाएगा।

## सूचना तक पहुँच का एक नया स्तर

Sydney Metro परियोजना संबंधी सूचना को सुलभ बनाना जितना संभव हो सके उतना आसान बना रहा है। हम आपके साथ संपर्क स्थापित करना चाहते हैं ताकि आप यह पता लगा सकें कि आपको क्या जानने की ज़रुरत है, परियोजना के बारे में और सीख सकें और अपने मत प्रकट कर सकें।

हमारा नया Sydney Metro West इंटरेक्टिव पोर्टल क्षेत्र विशिष्ट जानकारी प्रदान कर रहा है ताकि आपको प्रयोग करने में आसान और सहज तरीके से परियोजना का मार्गदर्शन करने में मदद मिल सके। पोर्टल में सभी वर्तमान नियोजन दस्तावेज़ प्रदर्शित किए जाने, नियोजन प्रक्रिया के प्रति आपकी समझ का समर्थन करने के लिए सूचना और परियोजना विशेषज्ञों की हमारी टीम के वीडियो शामिल हैं।

हमारे इंटरेक्टिव पोर्टल की वेबसाइट है:
**sydneymetro.info/metrowest**



Sydney Metro West की परियोजना टीम आपके किन्हीं सवालों का जवाब देने के लिए उपलब्ध है।

## समुदाय के साथ काम करना

Sydney Metro 2017 से समुदाय, हितधारकों और उद्योग के साथ काम करती आ रही है। एकत्रित फीडबैक (प्रतिक्रिया) से स्टेशन के स्थानों सहित परियोजना को आकार देने में मदद मिली है।

Sydney Metro परियोजना के बारे में आगे और फीडबैक प्राप्त करने के लिए समुदाय और हितधारकों के साथ काम करना जारी रखेगा। परियोजना के औपचारिक प्रदर्शनी चरणों के भाग के तौर पर भी सब्मिशन्स (प्रस्तुतियाँ) दिए जाने को बढ़ावा दिया जाता है।

## हमारे प्लेस मैनेजर

Sydney Metro के समर्पित सामुदायिक संबंध विशेषज्ञ हैं जिन्हें प्लेस मैनेजर कहते हैं और जिनसे परियोजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संपर्क किया जा सकता है। उनकी भूमिका समुदाय के सदस्यों और परियोजना टीम के बीच एकमात्र, प्रत्यक्ष संपर्क के तौर पर काम करने की है।



Sydney Metro West का नया इंटरेक्टिव पोर्टल।

कलाकार द्वारा Five Dock Station की बनाई गई आवृति।



## संपर्क करना

परियोजना विशेषज्ञों की हमारी टीम सहित Sydney Metro की टीम, Sydney Metro West के बारे में आपको जानकारी देने, और पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य के बारे में और अधिक पता लगाने में आपकी मदद करने के लिए है। यदि आपको किसी उपलब्ध जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है तो कृपया हमें संपर्क करें और हम आपकी सहायता करने के प्रबंध करेंगे।

संपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य देखने के लिए **planningportal.nsw.gov.au/major-projects** वेबसाइट देखें।

**Sydney Metro West** के बारे में और जानने तथा ई-मेल अलर्ट के लिए साइन अप करने के लिए **sydneymetro.info** वेबसाइट देखें।

परियोजना का इंटरेक्टिव नक्शा देखने के लिए, यह पता लगाने कि आप अपने क्षेत्र में क्या उम्मीद कर सकते/सकती हैं और परियोजना टीम के विशेषज्ञ सदस्यों से अधिक सीखने के लिए **sydneymetro.info/metrowest** वेबसाइट देखें।

हमारे किसी समर्पित प्लेस मैनेजर से बात करने के लिए हमें **1800 612 173** पर फोन करें।

अपनी पूछताछ **sydneymetrowest@transport.nsw.gov.au** पर ई-मेल करें और हम आपको जवाब देंगे।

**Westmead** से लेकर **The Bays** और **Sydney CBD** के पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य के बारे में और अधिक जानने के लिए स्कैन करें।

## नजदीकी परियोजनाएँ

अपने क्षेत्र में NSW सरकार की अन्य बुनियादी परियोजनाओं के बारे में और अधिक पता लगाएँ।

### Parramatta लाइट रेल

ऑनलाइन: **parramattalightrail.nsw.gov.au**
ई-मेल: **parramattalightrail@transport.nsw.gov.au**
फोन: **1800 139 389**

### नई Sydney Fish Market सहित Blackwattle Bay का पुनरोद्धार

ऑनलाइन: **infrastructure.nsw.gov.au/blackwattlebay**
ई-मेल: **mail@insw.com**
फोन **9216 5700**

### Western Harbour Tunnel और Beaches Link

ऑनलाइन:**nswroads.work/whtbl**
ई-मेल: **whtbl@transport.nsw.gov.au**
फोन **1800 931 189**

### M4-M5 लिंक Rozelle इंटरचेंज़

ऑनलाइन: **westconnex.com.au**
ई-मेल: **info@rozelleinterchange.com**
फोन **1800 660 248**

## अपने मत प्रकट करें

**पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य शुक्रवार 26 जून 2020 तक सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है।**

कोई भी व्यक्ति Department of Planning, Industry and Environment को पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य के बारे में किसी भी भाषा में सब्मीशन जमा करा सकता है।

Department (विभाग) फिर सब्मिशन्स जमा करके इन्हें अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। परियोजना का आकलन किए जाने और निर्धारण किए जाने से पहले सब्मिशन्स में उठाए मुद्दों पर गौर किया जाएगा।

**आपके सब्मीशन शुक्रवार 26 जून 2020 तक Department (विभाग) को मिल जाने चाहिए।**

### सब्मिशन जमा कैसे करें

ऑनलाइन:**planningportal.nsw.gov.au/major-projects**

और 'on exhibition' लिंक्स पर जाएँ

निम्नलिखित को पत्र लिखें:

**Planning and Assessment**
**Department of Planning,**
**Industry and Environment**
**Locked Bag 5022**
**Parramatta NSW 2124**

आपके पत्र में यह जानकारी शामिल होनी चाहिए:

1. आपका नाम और पता, केवल पत्र के शीर्ष भाग पर
2. आवेदन का नाम और आवेदन संख्या (SSI-10038)
3. यह बयान कि क्या आप प्रस्ताव के समर्थन में हैं या इसके विरोध में
4. प्रस्ताव का समर्थन या विरोध करने के आपके कारण
5. पिछले दो वर्षों में रिपोर्ट करने योग्य किए किसी राजनैतिक दान की घोषणा।

यदि इस प्रक्रिया के बारे में आपके कोई सवाल हैं तो आप NSW Department of Planning, Industry and Environment से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

फोन: **1300 305 695**

ई-मेल: **information@planning.nsw.gov.au**

विभाग प्रस्ताव संबंधी दिए आपके किसी सब्मिशन में आपके द्वारा शामिल किसी निजी जानकारी को प्रकाशित कर सकता है। अपनी सब्मिशन में कोई ऐसी निजी जानकारी शामिल न करें जिसे आप प्रकाशित नहीं किए जाना चाहते/चाहती हैं।

और अधिक जानकारी के लिए, विभाग का गोपनीयता वक्तव्य इस वेबसाइट पर देखें:
**planning.nsw.gov.au/privacy**

© Sydney Metro 2020. 20005-WEST 04.20 (Hindi)